Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding railway related issues in Kushi Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं । माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय रेल ने काफी प्रगति की है, लेकिन आपका ध्यान मैं देश के आखिरी छोर कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र की तरफ दिलाना चाहता हूं । वहां रेल से संबंधित तीन प्रमुख मुद्दे हैं । एक, छितौनी से तमकुही तक 64 किलोमीटर की रेल परियोजना दस सालों में मात्र चार किलोमीटर तक पूर्ण हुई है और इस परियोजना को धन के अभाव में पूर्ण रूप से लम्बित कर दिया गया है । माननीय अध्यक्ष जी, आपका इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इस परियोजना को बिहार, कुशीनगर और नेपाल की जनता के लिए शुरू कराया जाए । कुशीनगर विधान सभा क्षेत्र बौद्ध सर्किट क्षेत्र में है । वहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण आखिरी दौर में है । पर, वह आज तक रेल की सुविधा से वंचित है । वहां रेल की परियोजना की पूर्ण डीपीआर वर्ष 2018 से रेलवे बोर्ड में सुप्तावस्था में है । इसे जाग्रत करके इस परियोजना को शीघ्र शुरू किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी.पी. जोशी को श्री विजय कुमार दूबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।